कार्यालय नगर निगम हैरिटेज जयपुर

(जलेबी चौक, पुराना पुलिस मुख्यालय भवन, जयपुर)

डस्टबिन के चार प्रकार हरा, नीला, पीला, काला हमने लगाई स्वच्छता की पाठशाला

जयपुर। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम हेरिटेज की ओर से बुधवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर निगम मुख्यालय में निगमकर्मी और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वच्छता की शॉर्ट फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से सभी को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के बारे में बताया गया। हवामहल — आमेर जोन में उपायुक्त सीमा चौधरी के नेतृत्व में निजी स्कूल के बच्चों और अध्यापकों के लिए स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें निगम अधिकारियों ने बच्चों को अपने घर–स्कूल और अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने के बारे में बताया। वहीं, कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के बारे में बताया। इसके अलावा आदर्श नगर जोन में हेरिटेज निगम की आईइसी टीम के द्वारा घर — घर जाकर स्थानीय निवासियों को सूखा—गीला कचरा के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि सभी लोग घर के कचरे को स्वच्छता रथ में ही डालें, प्लास्टिक का यूज ना करें और किसी को करने ना दें। इस दौरान प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों और बिमारियों के बारे में अवगत कराया गया।

TAGORE PUBLIC SCHOOL
TAGORE PUBLIC SCHOOL
INTERACT CLUB
स्वच्छता
ही सेवा 2024

TAGORE PUBLIC SCHOOL
INTERACT CLUB
Rotary
INTERACT CLUB
TAGORE PUBLIC SCHOOL
Shastri Nagar, Jaipur
SPONSORED BY :
ROTARY CLUB JAIPUR
स्वच्छता की पाठशाला
नगर निगम जयपुर हैरिटेज
सर्वेक्षण
स्वच्छता ही सेवा 2024
स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

INTERACT CLUB